आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
बुधवार 19.06.2024
समय 1830

मुख्य समाचार :—

- अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर प्रदेश के विभिन्न स्थानों पर कार्यक्रमों के आयोजन के लिए तैयारियां जोरो पर।
- आज विश्व सिकल सेल दिवस है। प्रधानमंत्री ने इस बीमारी पर काबू पाने की सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई।
- सहाकारिता मंत्री डॉक्टर धनसिंह रावत ने प्रदेश के सहकारी बैंकों में डिजिटल बैंकिंग तकनीकों को अपनाने के महत्व पर जोर दिया।
- राज्य के महाविद्यालयों में पंजीकरण का कल अंतिम दिन।

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस

आगामी 21 जून को 10वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाएगा। इस दिन प्रदेश के विभिन्न स्थानों में कार्यक्रम आयोजित किए जांएगे, जिसके लिए तैयारियां कर ली गई हैं।

योगनगरी ऋषिकेश में सालभर देश—विदेश से लोग योग करने आते हैं। ऋषिकेश में परमार्थ निकेतन के अध्यक्ष स्वामी चिदानंद सरस्वती ने कहा कि योग को अब विश्वस्तर पर लोग जान चुके हैं। दुनिया ने भारत की इस देन को स्वीकार किया है और एक सुखी, स्वस्थ और निरोगी जीवन जी रहे हैं। वहीं, देश—विदेश से उत्तराखण्ड आए लोगों ने आम जनता से योग करने की अपील की है।

इस बीच, अंतर्राष्ट्रीय योग सप्ताह के अंतर्गत रुद्रप्रयाग जिले में रन फॉर योगा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अगस्त्यमुनि खेल मैदान से शुरू हुई दौड़ बाजार और स्कूल से होते हुए वापस इसी मैदान में समाप्त हुई। विभिन्न विभागों के अधिकारी—कर्मचारी और स्थानीय लोगों ने कार्यक्रम में हिस्सा लिया।

विश्व सिकल सेल दिवस

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि केंद्र सरकार, सिकल सेल रोग से संबंधित चुनौतियों से निपटने के लिए प्रौद्योगिकी का अधिक से अधिक इस्तेमाल कर रही है। आज विश्व सिकल सेल दिवस के अवसर पर श्री मोदी ने इस बीमारी पर काबू पाने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई। एक सोशल मीडिया पोस्ट में उन्होंने कहा कि पिछले वर्ष, सरकार ने राष्ट्रीय सिकल सेल एनीमिया उन्मूलन मिशन शुरू किया था और वह इस संबंध में जागरूकता पैदा करने, व्यापक जांच, रोग का जल्द पता लगाने और उचित देखभाल सहित अनेक पहलुओं पर काम कर रही है।

विश्व सिकल सेल दिवस पर देहरादून स्थित दून अस्पताल में जागरुकता कार्यक्रम का अयोजन किया गया। इस अवसर पर लोगों को सिकल सेल रोग, उपचार और बचाव के संबंध में जागरूक किया गया। दून अस्पताल के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. अनुराग अग्रवाल ने बताया कि सिकल सेल एक जेनेटिक ब्लड डिसऑर्डर है, जिसमें कठोर, सिकल यानी हंसिया या दंराती के आकार के रेड ब्लड सेल्स सामान्य ब्लड फ्लो में बाधा डालते हैं। यह गंभीर समस्या है, लेकिन लोगों में इसके प्रति जागरूकता की कमी है।

विशेष व्यवस्था
मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने मुख्य सचिव कार्यालय में उनसे मिलने आए दिव्यांगजनो की सुविधा के लिए भूतल पर विशेष व्यवस्था की है। अब दिव्यांगजनो को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए मुख्य सचिव से मिलने के लिए पहले तल पर जाने की आवश्यकता नहीं है। गौरतलब है कि दिव्यांगजनों के साथ ही आमजन की समस्याओं की सुनवाई के लिए मुख्य सचिव कार्यालय में प्रत्येक कार्यालय दिवस पर व्यवस्था की गई है। आमजन मुख्य सचिव से उनके कार्यालय में मिलकर अपनी समस्याओं के बारे में जानकारी दे सकते हैं।

आयोजन संपन्न
कुमाऊं रेजिमेंटल सेंटर के तत्वाधान में सूर्या कमांड द्वारा अल्मोड़ा के रानीखेत में चिल्ड्रन समर एडवेंचर कैंप का आयोजन किया गया। यह विशेष कैंप भारतीय सेना के सैनिकों और पूर्व सैनिकों के बच्चों के लिए अयोजित किया गया, जिसका उद्देश्य प्रकृति के प्रति गहरी कृतज्ञता का विकास करना, साहस की भावना को बढ़ावा देना, सौहार्द का निर्माण करना, संचार कौशल को बढ़ाना और प्रतिभागियों के बीच चरित्र और नेतृत्व क्षमताओं को निखारना है। दस दिवसीय कैंप के दौरान बच्चों को ट्रेकिंग एरोबिक्स और योगा ट्रेजर हंट और टैलेंट हंट प्रतियोगिता, खेल गतिविधियाँ, रॉक क्लाइम्बिंग आदि शामिल हैं।

सहकारी बैंक में डिजिटल बैंकिंग
सहाकारिता मंत्री डॉक्टर धनसिंह रावत ने प्रदेश के सहकारी बैंकों में डिजिटल बैंकिंग तकनीकों को अपनाने के महत्व पर जोर दिया है। उन्होंने कहा कि सभी जिला सहकारी बैंक अधिकारी अगले 100 दिनों के भीतर नेट बैंकिंग के लिए काम करें। डॉक्टर रावत ने कहा कि राज्य के सभी सहकारी बैंकों के लिए नेट बैंकिंग को एक मानक अभ्यास के रूप में अपनाना और एक सामान्य लक्ष्य की दिशा में काम करना महत्वपूर्ण है। यह कदम राज्य सहकारी बैंक द्वारा रिज़र्व बैंक से रियल टाइम ग्रॉस सेटलमेंट और नेशनल इलेक्ट्रॉनिक फ़ंड ट्रांसफ़र सेवाओं के सफल अधिग्रहण के परिणामस्वरूप आया है।

समर्थ पोर्टल
प्रदेश के सरकारी विश्वविद्यालयों से संबद्ध राजकीय, सहायता प्राप्त अशासकीय और निजी महाविद्यालयों में स्नातक के पहले सेमेस्टर में प्रवेश के लिए पंजीकरण का कल आखिरी दिन है। वेबसाइट https://ukadmissiom.samarth.ac.in पर जाकर ऑनलाइन पंजीकरण करा सकते हैं। उच्च शिक्षा सचिव शैलेश बगोली ने बताया कि मेरिट के आधार पर प्रवेश की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है।

स्वास्थ्य व्यवस्थांए
राज्य में स्वास्थ्य व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने के लिए प्रदेश सरकार लगातार काम कर रही है। विशेषकर ग्रामीण और सुदूरवर्ती क्षेत्रों के अस्पतालाओं में चिकित्सा सुविधाओं को बेहतर बनाने का काम किया जा रहा है। राज्य स्तरीय राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य एवं अनुश्रवण परिषद उपाध्यक्ष सुरेश भट्ट ने बताया कि प्रदेश सरकार, आने वाले समय में राज्य के कई चिकित्सालयों को अपग्रेड करने का काम करेगी। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य विभाग में खाली पड़े पदों को भरने का काम किया जा रहा है।

मौसम
राज्य के विभिन्न हिस्सों में आज दोपहर बाद तेज हवांओं के साथ मध्यम से तेज बारिश हुई। इससे गर्मी से थोड़ा राहत मिली है। मौसम विभाग ने कल राज्य के कुछ हिस्सों में तेज आंधी और गरज के साथ बारिश और ओलावृष्टि का यलो अर्लट जारी किया है।

साइक्लिंग प्रतियोगिता

बागेश्वर साइकिल एसोसिएशन के तत्तवाधान में राष्ट्रीय स्तर की साइक्लिंग प्रतियोगिता आयोजित की गई। 45 किलोमीटर की साइकिल दौड़ में हिमाचल प्रदेश, दिल्ली सहित देहरादून, पौड़ी और बागेश्वर के 56 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता का आयोजन सीनियर और जूनियर दो वर्गों में किया गया। इस अवसर पर साइकिल एसोसिएशन के अध्यक्ष रवि साह ने कहा कि स्वस्थ शरीर के लिए साइकिलिंग बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजनों से पर्यटन को भी बढ़ावा मिलता है।

उपचुनाव

चमोली जिले की बद्रीनाथ विधानसभा सीट पर उप चुनाव में हिस्सा लेने के लिए तीन प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र लिए। सहायक रिटर्निंग अधिकारी बद्रीनाथ राजकुमार पाण्डेय ने बताया कि आज उत्तराखण्ड क्रान्ति दल के बच्चीराम उनियाल, निर्दलीय मुकुन्द सिंह व निर्दलीय विरेन्द्रपाल सिंह ने नामांकन पत्र लिए। अब तक बदरीनाथ विधानसभा सीट के लिए 10 प्रत्याशी नामांकन पत्र ले चुके हैं। राज्य के दो विधानसभा सीटों– मंगलौर और बदरीनाथ में दस जुलाई को मतदान होगा।

निरीक्षण

मसूरी देहरादून विकास प्राधिकरण के तहत निर्माणाधीन इंदिरा मार्केट परियोजना का विभागीय मंत्री डॉ. प्रेमचंद अग्रवाल ने आज निरीक्षण किया। डॉ. अग्रवाल ने बताया कि इंदिरा मार्किट प्रोजेक्ट का मूल कार्य पूरा हो चुका है। उन्होंने कहा कि मानसून के दौरान परियोजना का कार्य प्रभावित नहीं होगा। उन्होंने बताया कि परियोजना के तहत 564 दुकानें बनाया जाना प्रस्तावित है। इसके साथ ही तीन हजार से अधिक वाहनों के लिए पार्किंग बनाने का कार्य भी किया जाएगा।